LUDHIANA
केन्द्रीय टूल रूम

दिनांक 02.04.2022

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है केंद्रीय टूल रूम विस्तार केंद्र नीलोखेडी के परिसर में आम के पेड़ों की नीलामी के लिए बोली आमंत्रित की जाती है | ठेकेदार अपनी बोली सील बंद लिफाफे में दिनांक 09.04.2022 तक कार्यालय में आकर जमा करा सकते हैं|

नीलामी की शर्तें

1. जिस ठेकेदार की बोली का मूल्य सबसे जयादा होगा उसको सम्पूरण धनराशी 05 दिन के अंदर कार्यालय में जमा करवानी होगी |
2. ठेकेदार नीलामी में खरीदी गये पेड़ों में अथवा अन्य फलों के पेड़ों से डाली एवं टहनियों को नुक्सान नहीं करेगा | ऐसा कोई व्यवहार नहीं करेगा जिससे अनुशासन भंग हो | यदि ऐसा पाया गया तो उसके खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी तथा नुक्सान का पूर्ण मुआवजा ठेकेदार को देना होगा |
3. ठेकेदार द्वारा फलों की रखवाली हेतु केवल उनके चोकीदार ही परिसर में आ सकेंगे | ठेकेदार के अन्य लोग प्रभावी अधिकारी की अनुमति पर ही परिसर में आ सकेंगे |
4. ठेकेदार कोई भी वाहन बिना प्रभावी अधिकारी की अनुमति के परिसर में नहीं लेके जा सकेगा|
5. जिसके नाम उचित बोली छुटेगी वही फसल के अंत तक उत्तरदायी होगा, दुसरे किसी को यह अधिकार हस्तान्तरित नहीं किया जायेगा |
6. फसल की सिंचाई आवश्यकता अनुसार की जाएगी किन्तु बिजली न आने की स्थिति में अथवा ट्यूबेल खराब हो जाने पर पानी की कोई जिम्मेदारी विभाग की नहीं होगी |
7. देविक प्रकोप अथवा पशु पक्षियों या अन्य किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा |
8. ठेकेदार का अधिकार केवल एक फसल तक का होगा |
9. कोई ठेकेदार अपने साथ बकरा , बकरी, भैंस , गाय अथवा अन्य कोई जानवर नहीं लायेगा |
10. नीलामी की स्वीकृति/ अस्वीकृति करने का पूर्ण अधिकार विभाग अध्यक्ष का होगा तथा नीलम की गयी फसल की रखवाली की जिम्मेवारी ठेकेदार की होगी|

अनूप कुमार

(अनूप कुमार)
प्रभावी अधिकारी

सूचना पट्ट

- सी टी आर वेबसाईट
- प्रबंधक प्रशिक्षण
- महाप्रबंधक के निजी सचिव